उपेक्षा | डिंडोरी जिले की सबसे बड़ी तहसील शहपुरा फिर उपेक्षित, स्थानीय लोग इसे सौतेला व्यवहार बता रहे

# रेल परियोजना से शहपुरा बाहर, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल





**शहपुरा नवभारत 13 अप्रैल।** डिंडोरी जिले की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण तहसील शहपुरा एक बार फिर विकास की मुख्यधारा से दूर नजर आ रही है। जबलपुर से डिंडोरी पेंड्रा तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के सर्वे में शहपुरा को शामिल नहीं किए जाने से क्षेत्र में भारी नाराजगी है।

स्थानीय लोग इसे खुले तौर पर 'सौतेला व्यवहार' बता रहे हैं और प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शहपुरा, जो डिंडोरी जिले का सबसे बड़ा तहसील है और आसपास के कई दर्जनों गांवों का प्रमुख केंद्र माना जाता है, उसे रेल परियोजना से बाहर रखना लोगों को समझ नहीं आ रहा। जब पूरे जिले के लिए रेल कनेक्टिविटी की बहुप्रतीक्षित सौगात मिल रही है, तब सबसे बड़े आबादी केंद्र को नजरअंदाज करना योजना की गंभीर खामी के रूप में देखा जा रहा है।

### वर्षों पुरानी मांग फिर अधूरी

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, शहपुरा क्षेत्र लंबे समय से रेलवे लाइन की मांग करता आ रहा है। कई बार जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने इस मुद्दे को उठाया, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। अब जब परियोजना को सर्वे स्तर पर मंजूरी मिली है, तब भी शहपुरा को रूट में जगह नहीं मिलना लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरने जैसा है।

### आदिवासी क्षेत्र के विकास पर असर

डिंडोरी जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है और शहपुरा इसका प्रमुख केंद्र है। यहां शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से सीमित हैं। यदि रेल लाइन शहपुरा से होकर गुजरती, तो मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर जैसे बड़े शहर तक पहुंचने में आसानी होती। छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलते और युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलते, लेकिन वर्तमान स्थिति में शहपुरा को इस सुविधा से वंचित रखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के विकास की गति प्रभावित होने की आशंका है।

### प्रशासनिक योजना पर उठे सवाल

विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी परियोजना में क्षेत्रीय संतुलन और जनसंख्या के आधार पर निर्णय लिया जाना चाहिए था। शहपुरा जैसे बड़े तहसील को बाहर रखना यह दर्शाता है कि योजना बनाते समय जमीनी हकीकत को नजरअंदाज किया गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या सर्वे प्रक्रिया में स्थानीय जरूरतों और सुझावों को पर्याप्त महत्व दिया गया? या फिर यह केवल कागजी योजना बनकर रह गई?

### रूट में संशोधन कर शहपुरा को जोड़ने की मांग

क्षेत्रीय जनता ने एक स्वर में मांग की है कि अभी सर्वे प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है, इसलिए रूट में संशोधन कर शहपुरा को शामिल किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते निर्णय नहीं लिया, तो यह मुद्दा बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।



# मैराथन दौड़ से बेटियों ने दिया जागरूकता का संदेश

▸ नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया गया

**डिंडोरी, नवभारत 13 अप्रैल।** जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा सोमवार सुबह बेटियों की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

मैराथन दौड़ को नगर परिषद डिंडोरी की अध्यक्ष सुनीता सारस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ कलेक्ट्रेट प्रांगण से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत एवं जल गंगा संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं : सारस

नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शासन द्वारा उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाने में सहायक है।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले में विभिन्न सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### परिवार व समाज को भी करें प्रेरित

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राम बाबू देवांगन ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शपथ केवल औपचारिकता नहीं रहे, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाते हुए परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए उनके द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के पालन पर भी जोर दिया।

# बाबासाहब का जीवन संघर्ष सभी के लिए प्रेरणा : धुर्वे

▸ शहपुरा में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, विधायक ने युवाओं को दी सीख



**शहपुरा नवभारत 13 अप्रैल।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शहपुरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे सम्मिलित हुए।

उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित जनसमूह और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**बाबासाहब अपमानजनक चुनौतियों के बीच आगे बढ़े-** उन्होंने कहा कि 'बाबा साहब का जीवन संघर्षों की एक महान गाथा है। वे अपने जीवन में अत्यधिक कठिन और अपमानजनक चुनौतियों के साथ आगे बढ़े, लेकिन कभी अपने पथ से विचलित नहीं हुए। आज हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, शिक्षा और दृढ़ संकल्प के माध्यम से हर बाधा को पार किया जा सकता है।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी और शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती, शालिनी अग्रवाल नगर परिषद, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, राजेश साहू, रामलाल रजक, हारून मंसूरी, संतोष झरिया और विश्वनाथ झरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समानता व शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश

▸ विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



**डिंडोरी, नवभारत 13 अप्रैल।** विगत दिवस नगर के स्थानीय राजूषा हायर सेकेण्डरी स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसके गौतम इंजी. पीएचई एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ. राजबहादुर सिंह द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज प्रतियोगिता, भाषण, गीत एवं कविता पाठ शामिल रहे। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से बाबासाहब के जीवन, संघर्ष एवं उनके महान कार्यों को प्रस्तुत किया।

**क्विज स्पर्धा में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन-** क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय संविधान तथा डॉ. अंबेडकर के जीवन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण एवं कविता के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक समानता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के छात्र अयन पटैल प्रथम रहे। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की छात्रा आर्या बर्मन प्रथम एवं कविता पाठ में कक्षा चौथी की छात्रा प्रांजलि उद्दे प्रथम रहीं।

### बालाघाट व सिवनी जिले के गोलार जाति की बैठक सुकली में आज

**नवभारत कटंगी 13 अप्रैल।** गोलार जाती के प्रदेश अध्यक्ष ललित गर्दे और जिला अध्यक्ष बालाघाट अरुण गडेर ने समस्त बालाघाट एवं सिवनी जिले के सामाजिक बन्धुओं की एक आवश्यक बैठक 14 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन सुकली तहसील तिरोडी में प्रातः 11 बजे से आयोजित की है। बैठक के मुख्य बिन्दु समाज का रजिस्ट्रेशन कराना, विमुक्त, घुमक्कड़, अर्द्ध घुमक्कड़ लोगों की सामजिक परिस्थितियों से विभागीय मंत्री को अवगत कराना और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करना शामिल है। बैठक में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें बालाघाट जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र एवं सिवनी जिले के बरघाट विधानसभा क्षेत्र में नियुक्ति पर विचार किया जाएगा। बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा कर उसे भी एजेंडा में जोड़ा जायेगा।



# नप के मनोनीत पार्षदों ने किया पदभार ग्रहण

▸ विधायक की उपस्थिति में समारोह आयोजित

**शहपुरा नवभारत 13 अप्रैल।** नगर परिषद सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नव-मनोनीत पार्षदों का औपचारिक स्वागत और पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की मुख्य उपस्थिति में नगर विकास को नई गति देने का संकल्प लिया गया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने मनोनीत पार्षद राजेश साहू, मनोज सोनी, रामलाल रजक और हारून मंसूरी को तिलक लगाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी नए सदस्यों को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं की सक्रिय भागीदारी रही। मंच पर जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, और मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही प्रियंका आर्मो और प्रीति श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।



# अंबेडकर जयंती पर सिधौली में कार्यक्रम आज

▸ नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**अमरपुर नवभारत 13 अप्रैल।** जनपद पंचायत अमरपुर के सभा हाल में नारी शक्ति वंदन एवं भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इसमें राजनैतिक दल के पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी एवं सांदीपनी विद्यालय के छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन के संबंध में वर्चुअली संदेश दिया गया, जिसे सभी उपस्थितजनों में देखा और सुना। तत्पश्चात बाबा साहब एवं मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर नारी शक्ति वंदन एवं अंबेडकर जयंती पर उपस्थित अतिथियों द्वारा व्याख्यान दिए गए। हन्नु पट्टा अध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपुर, महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, रमेश मूलचंदानी, उमा बर्मन आदि ने उद्बोधन दिए।

**आज हितलाभ वितरित होंगे-** संचालक परस्ते खंड पंचायत अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर जनपद के ग्राम सिधौली में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा।

# नवागत कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

▸ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों से की चर्चा



**नवभारत उमरिया 13 अप्रैल।** नवागत कलेक्टर राखी सहाय ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन कि सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे और विकास अंतिम छोर तक सुनिश्चित हो, यह उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने उल्लेख किया कि उमरिया आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहां कार्य की व्यापक संभावनाएं हैं, और वे पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जिले के समग्र विकास में योगदान देंगी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर राखी सहाय ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्टेनो कक्ष, जनजातीय कार्य विभाग, अपर कलेक्टर कार्यालय, संयुक्त कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य शाखा आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**इनकी रही उपस्थिति-** निरीक्षण उपरांत उन्होंने कलेक्टर सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर पीके सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अम्बिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पूजा द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व ब्लॉक समन्वयक को ट्रेन में आया हार्ट अटैक, मौत

**नवभारत उमरिया 13 अप्रैल।** शहडोल से उमरिया आ रही ट्रेन में एक दर्दनाक घटना ने पूरे शिक्षा जगत को स्तब्ध कर दिया। करकेली जनपद शिक्षा केंद्र के पूर्व समन्वयक एवं साक्षर भारत मिशन के जिला समन्वयक रहे संतोष कुमार गौतम का अचानक ट्रेन में हार्ट अटैक आया और रेलवे स्टेशन पहुंचते पहुंचते उन्होंने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक संतोष कुमार गौतम सेवा कार्य के सिलसिले में उमरिया कलेक्ट्रेट आ रहे थे। यात्रा के दौरान ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और हार्ट अटैक आने से यह दुखद हादसा हो गया। घटना के बाद तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पूरे शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु लिए गए सख्त निर्णय

▸ जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**डिंडौरी, नवभारत 13 अप्रैल।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले की सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम रामबाबू देवांगन, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**लंबित कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश-** बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व सभी लंबित कार्य पूर्ण किए जाएं। जिला यातायात प्रभारी द्वारा प्रस्तुतिकरण में मुख्य मार्गों पर गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों से गोवंश हटाने तथा उनके गले में रेडियम पट्टी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में 'राहवीर योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख रुपये तक का पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वहीं 'हिट एंड रन' मामलों में गंभीर घायलों को 50 हजार रुपये एवं मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की जानकारी दी गई।

**हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान चलाएं-** कलेक्टर ने 'हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं' अभियान को सख्ती से लागू करने के निर्देश देते हुए बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

# क्या 30 साल की सेवा के बाद भी शिक्षक अयोग्य हैं?



▸ मानपुर में शिक्षकों का फूटा आक्रोश

**चिल्हारी नवभारत 13 अप्रैल।** कंधों पर पीढ़ियों का भविष्य ढोने वाले शिक्षक आज खुद अपने भविष्य को लेकर असमंजस में खड़े हैं। मध्यप्रदेश में टीईटी को लेकर जारी आदेशों ने उन शिक्षकों के जख्म कुरेद दिए हैं, जिन्होंने 28-30 साल तक चुपचाप बच्चों को पढ़ाया, गांवों को रोशन किया, और अब उन्हीं से फिर 'योग्यता साबित' करने को कहा जा रहा है।

इस पीड़ा को आवाज देते हुए अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, जिला उमरिया के अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी के निर्देशन में, तथा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गौतम के नेतृत्व में, सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने शनिवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी मानपुर को प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

### हमने पूरी उम्र बच्चों को योग्य बनाया

यह सिर्फ एक ज्ञापन नहीं, बल्कि उन हजारों शिक्षकों की घुटन है, जो वर्षों की सेवा के बाद भी असुरक्षा के साये में जी रहे हैं। शिक्षकों का सीधा सवाल है—जब हमने पूरी उम्र बच्चों को योग्य बनाया, तो आज हमें ही अयोग्य क्यों ठहराया जा रहा है? 2 मार्च और 26 मार्च 2026 के आदेश अब शिक्षक समाज के लिए चिंता का कारण बन गए हैं।

### आदेशों को तुरंत निरस्त करने की मांग

मोर्चा ने मांग की है कि इन आदेशों को तुरंत निरस्त किया जाए और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर शिक्षकों को राहत दी जाए। सिर्फ इतना ही नहीं, शिक्षकों ने अपनी वर्षों की सेवा के सम्मान की भी गुहार लगाई है। नई संवर्ग व्यवस्था में पहली नियुक्ति से सेवा गणना की जाए, ताकि पेंशन, ग्रेच्युटी और प्रमोशन जैसे अधिकार सुरक्षित रह सकें।

मनमानी | शुरुआत से ही भ्रष्टाचार की गंध, उपयंत्री घर बैठे ही कर रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण

# नियमों को ताक पर रख हो रहा सीसी सड़क का निर्माण



**अमरपुर नवभारत 13 अप्रैल।** अमरपुर विकासखंड के जानकार सूत्रों की माने तो पंचायत में होने बाले कार्यों की स्वीकृति पर आवंटित पैसे की होली खुलेआम खेली जा रही है, जिस पर नकेल कसने प्रयास विभागीय स्तर पर देखने को नही मिल रहे हैं। परिणाम स्वरूप किसी भी मद से सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य करना इन दिनों पैसे कमाने का जरिया बन गया हैं।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसी सड़क निर्माण कार्य पंचायत ने कराया है, जो अब कुछ ही दिनों बाद उखड़ना शुरू हो गया हैं। ग्रामीण बताते हैं कि सड़क निर्माण मानक मापदण्डों के अनुरूप नहीं किया गया।

### अर्थ वर्क किया ही नहीं गया

मामला अमरपुर जनपद पंचायत मुख्यालय के नजदीकी ग्राम डुंगरिया का है, जहां ग्रामीणों द्वारा प्रदाय कराई गई जानकारी अनुसार अधोसंरचना मद से ग्राम पंचायत भाखा द्वारा सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य किसी ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा हैं, जबकि पंचायत स्तर पर निर्माण कार्य एजेंसी पंचायत होती है, लेकिन ठेकेदारी में दिए गए कार्य में अर्थ वर्क किया ही नहीं गया हैं।

### वायब्रेटर भी नहीं चलाया जा रहा

बताया गया कि कांक्रीट के नीचे प्लास्टिक पन्नी नहीं बिछाई गई हैं और न ही वायब्रेटर चलाया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार का कहना हैं पन्नी बिछाना प्रावधान में नहीं हैं। इस प्रकार सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कार्य स्थल पर सूचना पटल भी नहीं लगाया गया हैं, जिससे निर्माण कार्य की लागत, सड़क की लंबाई चौड़ाई एवं अन्य जानकारी प्राप्त हो सके।

### वरिष्ठ अधिकारियों से जांच की मांग

इस संबंध में उपयंत्री सौरभ महतो से चर्चा करना चाहा गया, परंतु उनके द्वारा मीटिंग का हवाला देते हुए फोन बंद कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि क्या पंचायत में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण उपयंत्री द्वारा घर बैठकर किया जा रहा है या फिर मामला कुछ और हैं। पंचायत में बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरुआत से ही भ्रष्टाचार की वेदी पर देखा जा रहा है, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिए जाने पर विस्तृत जानकारी सामने आ सकती है।